‘मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना’ का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

11 नवंबर, 2021 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पृथ्वीपुर (निवाड़ी) से मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना की शुरुआत की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने पृथ्वीपुर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया।

प्रमुख बिंदु

- इस योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे घर, जिनमें एक से अधिक परिवार निवासरत् हैं और यदि उनके पास रहने का कोई भू-खंड नहीं है तो उन्हें सरकार द्वारा निःशुल्क प्लॉट उपलब्ध कराया जाएगा।
- इसके अलावा इस योजना के माध्यम से प्रदान किये गए प्लॉट पर बैंकों से करज़ की प्राप्ति भी की जा सकेगी, जिससे कि प्रदेश के नागरिकों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा।
- इस योजना के माध्यम से प्रदेश के नागरिक न्यूनतम मूलभूत आवश्यकताओं के साथ सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकेंगे। प्रत्येक नागरिक अपना खुद का घर प्राप्त कर सकेगा।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ‘मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना’ के 5 हितग्राहीयों भू-अधिकारपत्र प्रदान किये। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 30 अक्टूबर, 2021 को इस योजना की घोषणा की थी।
- मुख्यमंत्री ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के 13 हज़ार 397 हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किये और 6 करोड़ 68 लाख 43 हज़ार रुपए की लागत वाले 223 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं 34 करोड़ रुपए की लागत के 23 कार्यों का भूमि-पूजन किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mukhyamantri-awasiya-bhu-adhikar-yojana